इस अवसर पर श्रीमति अनिला बठला (एसोसिएट प्रोफेसर श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय, रोहतक) ने "मैडिटेशन का महत्व" विषय पर अपने वक्तव्य में कहा कि ध्यान से अनेक लाभ मिलते हैं , ध्यान अशांत मन को शांत करता है,स्वास्थ्य लाभ मिलता है,ऊर्जावान बनाता है, आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है, सहनशीलता बढ़ती है, ध्यान लगाने से चिंता कम होती है इसके साथ ही सकारात्मक विचार, प्रेम, धैर्य, उदारता, क्षमा जैसे गुणों का विकास होता है। रेड क्रॉस सोसायटी रोहतक के द्वारा वॉलिंटियर्स और ग्रामीण वासियों को फर्स्ट एड ट्रेंनिंग और नर्सिंग की जानकारी प्रदान की गई। साईं कालीन सत्र में डॉ विनय मलिक (प्रोफेसर जूलॉजी डिपार्टमेंट एमडीयू रोहतक) ने "प्लास्टिक प्रदूषण" विषय पर अपने वक्तव्य में कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण प्लास्टिक के कचरे से उत्पन्न होता है आज के समय में यह विकराल रूप धारण कर चुका है और दिन प्रतिदिन है बढ़ता ही जा रहा है आज प्लास्टिक प्रदूषण एक वैश्विक चिंता का विषय बना हुआ है इसे रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह है कि हमें प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए। इस अवसर पर डॉ अनिल ढाका (असिस्टेंट प्रोफेसर बोटनी Pt. N.R.S GC Rohtak) ने "कचरा प्रबंधन" पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कचरे का प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है जैसे कि औद्योगिक अपशिष्ट भूमि के उपजाऊपन को कम कर देता है ।कचरे से मलेरिया टी.बी., पीलिया और हैजा जैसी बीमारियां उत्पन्न होती है इसलिए हमें कचरा प्रबंधन करना आवश्यक है। इस अवसर डॉ सुधीर कटारिया (एसोसिएट प्रोफेसर जूलॉजी विभाग एमडीयू रोहतक) "जल प्रदूषण" पर अपने वक्तव्य में कहा कि धरती पर जल प्रदूषण लगातार एक बढ़ती समस्या बनती जा रही है, जो सभी आयामों से मानव और जानवरों को प्रभावित कर रही है। एन .एस. एस वॉलिंटियर्स ने ग्रामीण वासियों को प्लास्टिक के प्रयोग से बचने के लिए गली-गली में जाकर "प्लास्टिक को ना कहें" के नारे लगाए। सांस्कृतिकगतिविधियों के तहत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 12 वॉलिंटियर्स ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शेफाली, द्वितीय स्थान पूजा एवं तृतीय स्थान निशा गुप्ता प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती अनिला बठला ,डॉ रजनी कुमारी एवं डॉ प्रवीण शर्मा ने निभाई। पूर्व एन.एस.एस स्वयंसेवक नितीश प्रेरणादायी वार्तालाप की . प्रतिदिन की तरह फुर्सत के पलों के तहत कई तरह के खेल खिलाए गए तथा गांव के व्यक्तियों के साथ वार्तालाप की गई । मचं सचांलन एन.एस.एस वॉलिंटियर्स लगन और चक्षु ने किया। सॉफ्ट बोर्ड में प्रतिदिन शेड्यूल में हिमानी और चांदनी ने कार्य किया. कैंप के तीसरे दिन का आयोजन एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ रजनी कुमारी एवं डॉ प्रवीण शर्मा के दिशा निर्देशन में सफलतापूर्वक किया गया।


GPS Map Camera
Google
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF5G+57W, Bahu-Akbarpur, Haryana 124001, India
Lat 28.90622°
Long 76.47494°
27/02/23 09:29 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF5G+57W, Bahu-Akbarpur, Haryana 124001, India
Lat 28.90623°
Long 76.474907°
27/02/23 09:28 AM GMT +05:30

***Prayer Time***







***Cleanliness Drive***


GPS Map Camera
Google
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF5G+57W, Bahu-Akbarpur, Haryana 124001, India
Lat 28.906158°
Long 76.474918°
27/02/23 08:59 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF5G+57W, Bahu-Akbarpur, Haryana
124001, India
Lat 28.906112°
Long 76.47504°
27/02/23 08:59 AM GMT +05:30









*Practical Session on "Yoga" by Acharya Joginder Ji*


GPS Map Camera
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF5G+57W, Bahu-Akbarpur, Haryana 124001, India
Lat 28.906392°
Long 76.474913°
27/02/23 09:42 AM GMT +05:30
Google


SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
SEVEN DAYS & NIGHT SPECIAL CAMP
Organised by
NATIONAL SERVICE
From 25th Feb, 2023 to 3rd
Village- Bahu Akbar
GPS Map Camera
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF5G+57W, Bahu-Akbarpur, Haryana 124001, India
Lat 28.906357°
Long 76.474972°
27/02/23 11:23 AM GMT +05:30
Google






***Lecture on "Importance of Meditation" by Mrs. Anila Bathla***




GPS Map Camera
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF5G+57W, Bahu-Akbarpur, Haryana 124001, India
Lat 28.906308°
Long 76.474812°
27/02/23 12:51 PM GMT +05:30
Google

# *Lunch*









*First Aid Training by Mr. Dheeraj Kumar*







*Interaction with Villagers*

















***Lecture on "Plastic Pollution", "Waste Management", "Water Pollution" by Dr. (Prof.) Vinay Malik, Dr. Anil Dhaka & Dr. Sudhir Kataria***














# *Mehndi Competition*






## *Fursat Ke Pal*


realme Shot on realme 9 5G
2023.02.27 16:40


realme Shot on realme 9 5G
2023.02.27 16:49

***Game Time***

# स्वयंसेवकों को योग के गुर सिखाए

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय कैंप के तीसरे दिन का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रजनी कुमारी, डॉ. प्रवीण ने बताया कि पहले सत्र की शुरुआत प्रार्थना से की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप मौजूद स्वामी जोगिंदर योगाचार्य ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवकों को योग के गुण सिखाए। इस मौके पर अनिला बठला (एसोसिएट प्रोफेसर श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय, रोहतक) ने मेडिटेशन का महत्व विषय पर कहा कि ध्यान से अनेक लाभ मिलते हैं, ध्यान अशांत मन को शांत करता है, स्वास्थ्य लाभ मिलता है, ऊर्जावान बनाता है। डॉ. विनय मलिक ने प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण प्लास्टिक के कचरे से उत्पन्न होता है आज के समय में यह विकराल रूप धारण कर चुका है। इसे रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह है कि हमें प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए। संवाद

# वॉलंटियर्स और ग्रामीणों को फर्स्ट एड ट्रेंनिंग व नर्सिंग की दी जानकारी



कैंप के दौरान उपस्थित वॉलंटियर्स।

रोहतक, 27 फरवरी (स.ह.): श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में बहु अकबरपुर के जीवन दास अखाड़ा में आयोजित 7 दिवसीय कैंप के तीसरे दिन का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर डा. रजनी कुमारी, डा. प्रवीण ने बताया कि पहले सत्र की शुरूआत प्रार्थना से की गई।

फिर प्रातः कालीन सत्र में योग एवं मेडिटेशन का व्यवहारिक ज्ञान देने मुख्यातिथि के रूप शिरकत करते हुए स्वामी जोगिंदर योगाचार्य ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवकों को योगा के गुण सिखाए और उन्होंने योगा को जीवन का मुख्य अंग बनाने का मूल मंत्र दिया। अनिला बठला ने मेडिटेशन का महत्व विषय पर अपने वक्तव्य में कहा कि, ध्यान अशांत मन को शांत करता है,स्वास्थ्य लाभ मिलता है,ऊर्जावान बनाता है, आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है, सहनशीलता बढ़ती है, ध्यान लगाने से चिंता कम होती है इसके साथ ही सकारात्मक विचार, प्रेम, धैर्य, उदारता, क्षमा जैसे गुणों का विकास होता है।

रेडक्रॉस सोसायटी रोहतक द्वारा वॉलंटियर्स और ग्रामीण वासियों को फर्स्ट एड ट्रेंनिंग और नर्सिंग की जानकारी प्रदान की।


डा. विनय मलिक प्रो. जूलॉजी डिपार्टमैंट एम.डी.यू. रोहतक ने प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर अपने वक्तव्य में कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण प्लास्टिक के कचरे से उत्पन्न होता है। आज प्लास्टिक प्रदूषण एक वैश्विक चिंता का विषय बना हुआ है इसे रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह है कि हमें प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए।

डा. सुधीर कटारिया ने जल प्रदूषण पर अपने विचार व्यक्त किए। एन.एस.एस. वॉलंटियर्स ने ग्रामीण वासियों को प्लास्टिक के प्रयोग से बचने के लिए गली-गली में जाकर प्लास्टिक को ना कहें के नारे लगाए। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 12 वॉलंटियर्स ने सहभागिता की।

# *Day-4 (28.02.23)*

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में एवं प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता व एन.एस .एस प्रोग्राम ऑफिसर्स डाॅ रजनी कुमारी और डाॅ प्रवीण कुमार के दिशानिर्देशन मे सात दिवसीय एन.एस.एस कैंप के **चौथे दिन** का आयोजन गांव बहु अकबरपुर के बाबा जीवन दास अखाड़े में सफलतापूर्वक किया गया। प्रोग्राम ऑफिसर्स ने बताया कि प्रातः कालीन सत्र की शुरुआत प्रार्थना और सूर्य नमस्कार से की गई।फिर PGIMS रोहतक के सहयोग से निशुल्क दातों का शिविर लगाया गया,जिसमें दतं सर्जन डॉ सुमित जी व उनकी टीम ने सिरकत की ।उन्होंने 269 स्वयं सेवकों एवं ग्रामीण वासियों का मुफ्त डेंटल चेक अप किया तथा मुफ्त दवाइयां भी प्रदान की। डॉ मीनाक्षी गुगनानी एसोसिएट प्रोफेसर श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय ने "महिला सशक्तिकरण"विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण को बेहद आसान शब्दों में परिभाषित किया जा सकता है लड़कियों को शिक्षित किया जाए जिससे वह अपने जीवन से जुड़े हर फैसले स्वयं ले सकती हैं और परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती हैं। समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना महिला सशक्तिकरण है। लंच के पश्चात सायकालीन सत्र में डॉ जितेंद्र सुहाग( एम.डी., स्पेशलिस्ट फिजीशियन) बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट आयुर्वैदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल पतिकारा नारनौल, हरियाणा)ने "आयुर्वेद में भोजन की आदतें" विषय पर अपने वक्तव्य में कहा कि भोजन में छः रस शामिल होते हैं हमें पूरे छःरसों को उचित मात्रा में ग्रहण करना चाहिए और उन्होंने कहा कि मानव को शरीर की प्रकृति के अनुसार ही भोजन करना चाहिए । डॉ सुमित कुमारी दहिया (असिस्टेंट प्रोफेसर श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय,रोहतक) ने "आजादी का अमृत महोत्सव" पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में बड़े जोर शोर से मनाया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के लोगों में राष्ट्र भावना को तीव्र करने के लिए 2021 में ही आजादी के अमृत महोत्सव का ऐलान किया था जैसे कि हम सब जानते हैं आजादी का अमृत महोत्सव आजादी का त्यौहार मनाने का एक अलग तरीका है अमृत महोत्सव के जरिए देश की सभी जनता को भारत की ताकत और सैन्य बल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी मिलेगी। मचं सचांलन एनएसएस वॉलिंटियर्स चक्षू और लगन ने किया। अतिथियों और वक्ताओं का धन्यवाद डाॅ रजनी कुमारी ने किया ।साथ ही ग्रामीणवासियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु एन.एस.एस वॉलिंटियर्स एवं प्रोग्राम ऑफिसर्स ने सरपंच और मेंबर्स के साथ मिलकर गांव की प्रत्येक गली में स्वच्छता व प्लास्टिक हटाओ देश बचाओ पर सर्वे कर, इको ब्रिक कैंपेन के तहत जागरूकता रैली निकाली और सभी को शपथ भी दिलाई ।तत्पश्चात वॉलिंटियर्स द्वारा बाबा जीवनदास अखाड़े के मैदान को साफ कर श्रमदान भी दिया गया.एन.एस .एस परेड की प्रैक्टिस की गई। प्रतिदिन फोटो और वीडियोग्राफी का बेहतरीन कार्य सागर, रजनी, अमन, यश और हर्ष के द्वारा किया गया.जागरूकता रैली और स्वच्छता अभियान की लाइव कवरेज हरियाणा फास्ट न्यूज़ चैनल के द्वारा की गई . फुर्सत के पलों में खेल खेलने के साथ-साथ ग्रामीण वासियों के साथ बातचीत की गई. इस अवसर पर डॉ मिनाक्षी ,डॉ सुमित कुमारी , एन.एस.एस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रजनी कुमारी ,डॉ प्रवीण कुमार ,डाॅ जितेंद्र सुहाग, डॉ सुमित ,श्री सत्यवान नंबरदार , श्री ईश्वर जी, श्री इशवंत, और स्वयंसेवक और ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।




***Prayer & Scheduling of the Day***




***Cleanliness Drive***







***Surya Namaskar***







***Surya Namaskar***













## *Free Dental Checkup Camp by PGIMS Team (Dr. Sumit, Dental Surgeon)*
















***Lecture on "Women Empowerment", "Aazadi Ka Amrit Mahotsav", "Food Habits in Ayurveda" by Dr. Meenakshi Gugnani, Dr. Sumit Dahiya & Dr. Jitender Suhag***















# *Survey & Awareness Rally & Oath on "Plastic Hatao, Desh Bacchao":-EcoBrick Campaign*







# *Plantation*







# *Cleanliness Drive:- Swachh Bharat Abhiyaan*


















# *Cleanliness Drive:- Swachh Bharat Abhiyaan*







# *Coverage by Media:- Haryana Fast News Channel*


CARGO


GPS Map Camera
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF5G+57W, Bahu-Akbarpur, Haryana 124001, India
Lat 28.906162°
Long 76.474979°
28/02/23 01:23 PM GMT +05:30
Google

## *Lunch*






## *Interaction with Panchayat Members & Villagers*





## *Fursat Ke Pal*

# एनएसएस शिविर के चौथे दिन हुई ग्रामीणों की दंत जांच

**रोहतक, गिरीश सैनी।** लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एन.एस.एस. इकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में एवं प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में सात दिवसीय कैंप के चौथे दिन का आयोजन गांव बहु अकबरपुर के बाबा जीवन दास अखाड़े में सफलतापूर्वक किया गया। डेंटल टीम पीजीआईएमएस रोहतक की तरफ से डॉ सुमित ने 269 स्वयं सेवकों एवं ग्रामीण वासियों की दंत जांच की। जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां भी प्रदान की गई।




शिविर में डॉ मीनाक्षी गुगनानी ने महिला सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण को बेहद आसान शब्दों में परिभाषित किया जा सकता है जिससे वह अपने जीवन से जुड़े हर फैसले स्वयं ले सकती है और परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती है द्य समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना महिला सशक्तिकरण है। डॉ जितेंद्र सुहाग ने आयुर्वेद में भोजन की आदतें विषय पर अपने वक्तव्य में कहा कि भोजन में छः रस शामिल होते है। हमें पूरे छःरसों को उचित मात्रा में ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव को शरीर की प्रकृति के अनुसार ही भोजन करना चाहिए। डॉ सुमित कुमारी दहिया कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में बड़े जोर शोर से मनाया जा रहा है। ग्रामवासियों को हेल्थ और न्यूट्रीशन के प्रति जागरूक करने के लिए एनएसएस वॉलिंटियर्स एवं प्रोग्राम ऑफिसर्स ने सरपंच और मेंबर्स के साथ मिलकर गांव की प्रत्येक गली में जागरूकता रैली निकाली।इस मौके पर डॉ मिनाक्षी डॉ सुमित कुमारी , एन.एस.एस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रजनी कुमारी ,डॉ प्रवीण कुमार ,सत्यवान नंबरदार इशवंत, ईशवर और स्वयंसेवक और ग्रामीणवासी मौजूद रहे।

# ***Day-5  (01.03.23)***

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय की एन.एस.एस दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एवं प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में बहु अकबरपुर के जीवनदास अखाड़ा में आयोजित सात दिवसीय शिविर के **पांचवें दिन** का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रातः कालीन सत्र की शुरुआत प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ रजनी कुमारी एवं डॉ प्रवीण शर्मा के दिशा निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा प्रार्थना और सूर्य नमस्कार से की गई। प्रातः कालीन सत्र में डॉ रश्मि छाबड़ा (प्राचार्या श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय, रोहतक )ने खेल प्रबधन के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए स्वंसेवकों को रुचिकर ढ़ंग से खेल खिलाए, और टीमवर्क के महत्व को समझाते हुए कहा कि प्रत्येक कार्य को व्यवस्थित और सफलतापूर्वक करने के लिए सभी साथियों का सहयोग और एकता होनी चाहिए। डॉ अंजू देसवाल( एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय, रोहतक) ने "महात्मा गांधी का जीवन दर्शन" विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधी दर्शन के बिना भारतीय समाज व नए भारत की बात अधूरी सी लगती है, नए भारत का निर्माण करने हेतु गांधी दर्शन एक मजबूत नींव की भांति है उनके द्वारा उत्पन्न विचार जैसे सर्वोदय, सत्याग्रह ,खादी, ग्राम स्वराज्य महिला शिक्षा, अस्पृश्यता, स्वावलंबन व अन्य सामाजिक चेतनाओं से मिलकर ही नए भारत का निर्माण हुआ है आज नए भारत को पूर्ण विकसित करने हेतु गांधी दर्शन को आदर्श बना कर सामाजिक परिवर्तन एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना है। पीएनबी जिला विकास भवन रोहतक "डिजिटल जागरूकता" पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया भारत सरकार की एक पहल है जिसके तहत सरकारी विभागों को देश की जनता से जोड़ना है इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बिना कागज के इस्तेमाल के सरकारी सेवाएं इलेक्ट्रॉनिक रूप से जनता तक पहुंच सके इस योजना का एक उद्देश्य ग्रामीण इलाकों को हाई स्पीड इंटरनेट के माध्यम से जोड़ना भी है । सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए भाषण एवं कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके विषय "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ", "स्वच्छ भारत" "पर्यावरण बचाओ" बचाओ रहे । सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत प्रतियोगिता के अवसर पर प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रजनी कुमारी ने कहा कि ।इस प्रतियोगिता में 28 स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। जहां एक तरफ भाषण ने ग्रामीण वासियों का मन मोह लिया तो दूसरी तरफ कविताओं ने भी उनको आनंद विभोर कर दिया। भाषण प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा प्रथम स्थान लगन, द्वितीय स्थान अमन, एवं तृतीय स्थान शेखर ने प्राप्त किया। कविता वाचन मैं प्रथम स्थान -मुस्कान, द्वितीय स्थान- राहुल, एवं तृतीय स्थान- दीपिका ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती वेदवंती, श्रीमती कमलेश एवं सत्यवान(नंबरदार) ने निभाई। मंच संचालन शैफाली के द्वारा किया गया। प्रतिदिन लंच और डिनर की बेहतरीन जिम्मेदारी निशा गुप्ता और कर्ण की टीम ने निभाई. इसके पश्चात प्रोग्राम ऑफिसर्स एवं स्वयं सेवकों का सरपंच तथा ग्रामीण वासियों के साथ वार्तालाप सत्र का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ रश्मि छाबड़ा, डॉ अंजू देशवाल ,प्रोग्राम ऑफिसर्स , स्वयंसेवकों और ग्रामीण वासी वेदवंती ,कमलेश, सत्यवान नंबरदार, ईश्वर एवं ईशवंत के साथ मिलकर एक जल संरक्षण पर रैली भी निकाली। फुर्सत के पलों में गांव में रहने वाले बच्चों के साथ समय व्यतीत किया बुजुर्गों के साथ अनुभव साझा किए गए।



***Prayer Time***






*Welcome of Guest*















***Practical session on "Management of games" & Lecture on "Philosophy of Mahatma Gandhi" by Dr. Rashmi Chhabra & Dr. Anju Deshwal***












***Tree Plantation***




















***Awareness rally on “Jal Bacchao”***


GPS Map Camera
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF4F+PR2, Bahu-Akbarpur, Haryana
124001, India
Lat 28.906403°
Long 76.474739°
01/03/23 01:10 PM GMT +05:30
Google

*Lunch*













***Fursat Ke Pal***







***Fursat Ke Pal***

# भाषण में लगन और कविता में मुस्कान प्रथम

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय द्वारा बहु अकबरपुर में चल रहे सात दिवसीय शिविर में बुधवार को स्वयंसेवकों ने सूर्य नमस्कार किया।। हर्षिता छिकारा ने कौशल भारत पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कौशल भारत योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक मुहिम है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया।


# *Day-6 (02.03.23)*

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय की एन.एस.एस इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में सात दिवसीय शिविर के **छठे दिन** का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन सत्र का आरंभ प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ रजनी कुमारी एवं डॉ प्रवीण शर्मा के दिशा निर्देशन में योगा एवं मेडिटेशन के द्वारा किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवक एवं ग्रामीण वासी भी सम्मिलित रहे। डॉ रविंदर सिंह ( एसोसिएट प्रोफेसर रसायन शास्त्र Pt.NRSGC Rohtak) ने अपने प् प्रेरणादायीं व्याख्यान के माध्यम से नशा मुक्त भारत विषय पर अपने वक्तव्य में कहा कि हर देश की तरक्की और उसका भविष्य है उस देश के युवाओं पर निर्भर है . हमारे देश की सरकार बहुत सारे नशा मुक्ति अभियान चला रही है , परंतु आज नशे को खत्म करने के लिए स्वयं पर नियंत्रण करना होगा .डॉ प्रवीण कुमार ( एसोसिएट प्रोफेसर फिजिक्स) ने तनाव प्रबंधन विषय पर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि तनाव एक जटिल समस्या है लंबे समय तक तनाव केवल मानसिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है कुछ सरल तरीकों ध्यान, योगा, अच्छे दोस्तों की संगत आदि से तनाव प्रबंधन किया जा सकता है . डॉ हर्षिता (असिस्टेंट प्रोफेसर इंग्लिश.) ने स्किल इंडिया विषय पर विचार साझा करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कौशल विकास को बढ़ावा देना होगा. सायकालीन सत्र में हरियाणा स्टेट एन.एस.एस ऑफिसर (SNO Haryana) डॉ दिनेश कुमार एवं उनके सहयोगी डॉ अमित ने औचक निरीक्षण करते हुए बच्चों की संख्या, सक्रियता और बेहतरीन ढंग से कैंप के आयोजन के लिए श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के एन.एस.एस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रजनी कुमारी एवं प्रवीण शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि हम सब स्वयंसेवको को भारतीय संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक गुणों को अपने चरित्र में समाहित कर राष्ट्रीय सेवा के लिए प्रोग्राम ऑफिसर व स्वयंसेवकों को अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रेरित भी किया ।उनके द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ अशोक कुमार (ताइक्वांडो कोच एम.डी.यू. रोहतक) ने "आत्म रक्षा" विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आत्मरक्षा हमारा कर्तव्य है भारत का संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को स्वयं की रक्षा के अधिकार प्रदान करता है आज के समय में जहां हर समय जीवन होने का खतरा बना हुआ है ऐसे में खासकर बच्चियों तथा महिलाओं को स्वयं रक्षा की ट्रेनिंग देने की आवश्यकता है और उन्होंने स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा के नुस्खे सिखाए। डॉ जितेंद्र कुमार एवं श्रीमान प्रवीण (डी.आई.टी.आर., रोहतक) ने "सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम" विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी को सड़क यातायात नियमों की अच्छी सी जानकारी होनी चाहिए खासतौर पर बच्चों और युवाओं को जो प्रमुख रूप से सड़क दुर्घटना के खतरे पर रहते हैं ।सभी सड़क सुरक्षा उपायों के प्रयोग द्वारा हम सड़क हादसों की रोकथाम और बचाव कर सकते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गांव वालों को पर्यावरण संरक्षण से अवगत कराने के लिए स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जो बहुत ही प्रेरणादायक रहा और गांव वालों ने उसे उत्साह पूर्वक देखा। साहिल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर अपने विचार कविता के माध्यम से व्यक्त किए। कविता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया प्रोग्राम ऑफिसर्स के दिशा निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा "सड़क सुरक्षा" विषय पर गांव की प्रत्येक गली से रैली निकाली जिसमें गांव वालों ने भी सहभागिता की। हिमानी के द्वारा मंच संचालन किया गया।


GPS Map Camera
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF5G+57W, Bahu-Akbarpur, Haryana 124001, India
Lat 28.906336°
Long 76.474978°
02/03/23 09:45 AM GMT +05:30
Google



*Prayer Time*




*Schedule of the day*












*Ecobrick Campaign*















*Lecture on "Drug Free India", "Stress Management", Skill India" by Dr. Ravinder Singh, Sh. Parveen Goel & Mrs. Harshita Chhikara*






# *Tree Plantation*


GPS Map Camera
Bahu-Akbarpur, Haryana, India
WF5G+57W, Bahu-Akbarpur, Haryana
124001, India
Lat 28.906133°
Long 76.474793°
02/03/23 01:16 PM GMT +05:30
Google

*Lunch*

















*Training on "Self Defence", Lecture on "Road Safety & Trafffic Rules", Motivational Talk by Dr. Ashok Kumar, Mr. Jitender Kumar, Dr. Pardeep Sheoran*















*Visit by State NSS Officer, Sh. Dinesh Singh*






*Tree Plantation*







*Nukkad Natak on Save "Environment"*






***Fursat Ke pal***



रोहतक। लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में सात दिवसीय शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने सुबह योगा एवं मेडिटेशन किया। इस दौरान ग्रामवासी भी शामिल हुए। स्टेट एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. दिनेश कुमार एवं उनके सहयोगी डॉ. अमित ने शिविर का औचक निरीक्षण करते हुए स्वयंसेवकों की संख्या, सक्रियता और बेहतरीन ढंग से कैंप के आयोजन के लिए कॉलेज के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. रजनी कुमारी एवं प्रवीण शर्मा को बधाई दी। उन्होंने एनएसएस के माध्यम से चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक गुणों को अपने चरित्र में समाहित कर राष्ट्रीय सेवा के लिए स्वयंसेवकों का आह्वान किया। इस दौरान पौधारोपण भी किया गया। एमडीयू के ताइक्वांडो कोच डॉ. अशोक कुमार ने आत्म रक्षा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि खासकर बच्चियों तथा महिलाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देने की आवश्यकता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए। डीआईटीआर से डॉ. जितेंद्र कुमार एवं प्रवीण ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। एनआरएस गवर्नमेंट कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने स्वयंसेवकों को तनाव प्रबंधन के तरीके बताए। वहीं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रविंद्र सिंह ने नशा मुक्त भारत विषय पर अपने विचार रखे। इस दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए स्वयं द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा

# *Day-7 Valedictory Function (03.03.23)*

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में एवं प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजेश सहगल जी (पूर्व प्रधान हिंदू शिक्षण संस्थान रोहतक) एवं प्रबंध समिति के अन्य गणमान्य सदस्यों श्री अश्वनी खुराना जी, श्री जितेंद्र मेहता जी, श्री सुनील आहूजा जी, श्री श्याम कपूर जी, श्री नंदलाल गिरधर जी, ग्राम पंचायत बहु अकबरपुर से आए गणमान्य व्यक्तियों श्री इशवंत जी, श्री नवीन जी, श्री नितीश जी का केशव सभागार में पहुंचने पर प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा एवं सीनियर प्रो. डॉ नीलम मग्गू , प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रजनी कुमारी वे डॉ प्रवीण शर्मा के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। "राष्ट्रीय सेवा योजना" की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रजनी कुमारी ने इस सात दिवसीय विशेष शिविर में की गई गतिविधियों को डोक्यूमेंट्री के माध्यम से संक्षेप में जानकारी देते हुए बताया कि हमारी "राष्ट्रीय सेवा योजना" की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में हमारे महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव बहु अकबरपुर के जीवन दास अखाड़े में आयोजित किया गया, इस शिविर के लिए हमारे स्वंसेवकों ने जो संकल्प लेकर शिविर की शुरुआत की थी उन सभी संकल्पों को सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्टेट कॉर्डिनेटर डॉ दिनेश ने औचक निरक्षण किया तथा वहां पर स्वंसेवकों की संख्या, उनकी सक्रियता एवं उनके कार्यों को देखकर उन्होंने प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ रजनी कुमारी एवं डॉ प्रवीण शर्मा को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया और उन्होंने बताया कि इस शिविर की सफलता में ग्रामीणवासी सरपंच श्रीमती प्रवीण देवी, श्री सत्यवान, ईश्वंत, ईश्वर, वेदवंती, नवीन, पवन एवं नितिश का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी ने विशिष्ट अतिथियों पूर्व प्रधान,प्रबंध समिति के गणमान्य सदस्यों एवं बहु अकबरपुर से आए हुए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ -साथ व्यवहारिक ज्ञान भी आवश्यक है तथा शिविरों के माध्यम से हमें व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति होती है और अंत में उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन का मूल मंत्र आत्म संतुष्टि को बताया कहा कि आत्म संतुष्टि से ही सेवा की भावना उत्पन्न होती है। स्वयं सेवक लगन ने फीड बैक में बताया कि हमने शिविर में एकजुटता से कार्य करना सीखा । ग्रामीण वासी नितीश ने प्रतिपुष्टि देते हुए कहां कि शिविर के द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से द्वारा ग्रामीणवासियों को स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण,बेटी बचाओ -बेटी पढाओ,जल बचाओ, प्लास्टिक को ना कहें,स्वास्थ्य एवं पोषण, महिला सुरक्षा आदि के प्रति सर्वे, व्याख्यानो , रैलियों, प्रतिदिन वार्तालाप से जागरूक किया। उन्होंने महाविद्यालय और प्रोग्राम ऑफिसर का धन्यवाद देते हुए आगे आने वाले समय में भी इस तरह के जागरूकता शिविर लगाने के लिए आग्रह भी किया. विशिष्ट अतिथि श्री राजेश शहगल जी ने कहा कि शिविर में की गई गतिविधियों को अपनी जीवन शैली बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए और उन्होंने प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी,प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ रजनी कुमारी एवं प्रवीण शर्मा जी के बेहतरीन जन जागरूकता एवं जन सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कैंप के सफल संचालन हेतु बधाई दी ।इस अवसर पर एन.एस.एस स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं वहाँ उपस्थित सभी को होली का शुभ सन्देश एवं शुभकामनाएं दी। स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई जिसमें नृत्य ,स्किट और गायन रहे। प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी, डॉ नीलम मग्गू एवं प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ रजनी कुमारी ,डॉ प्रवीण शर्मा के द्वारा विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस विशेष शिविर में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- शेफाली द्वितीय स्थान-पूजा एवं तृतीय स्थान- निशा ने प्राप्त

किया, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- केशव, द्वितीय स्थान- करण एवं तृतीय स्थान- अनिल ने प्राप्त किया, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- यश, द्वितीय स्थान- निशा एवं तृतीय स्थान- आकाश एवं चाहत ने प्राप्त किया, डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -रजनी ,अमन, एवं यश नागपाल ने प्राप्त किया, कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- मुस्कान द्वितीय स्थान- राहुल एवं तृतीय स्थान -दीपिका ने प्राप्त किया, प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - लगन, द्वितीय स्थान- अमन एवं तृतीय स्थान- शेखर ने प्राप्त किया। बेस्ट वॉलिंटियर्स लड़कियों में लगन, चक्षु ,निशा, मुस्कान, चाहत ,सेफाली, रिंपी ,दीपा, लतिका, गीतू, दीप्ति, दीपिका, राखी, शीतल, पूजा, हिमानी ,शीतल, रजनी मुस्कान, इशिता, निकिता एवं मोनिका रही। बेस्ट वॉलिंटियर्स लड़कों में हिमांशु, प्रवेश, करण, सागर ,अमन, अमन, बिजेंद्र, भगत ,हर्ष, अनिल ,अरुण ,सुमित, सार्थक, लक्ष्य, लक्ष्य ,यश, सत्यम, साहिल शर्मा, गौरव, केशव ,यश नागपाल, आकाश, शेखर, साहिल, विशाल, सक्षम , सचिन एवं रोहित रहे। इस शिविर के दौरान हेड बॉयज हिमांशु एवं प्रवेश तथा हैड गर्लस लगन एवं चक्षु रहे। लड़कियों में बेस्ट कैंपर निशा गुप्ता को तथा लड़कों में बेस्ट कैंपर सागर मेहंदी रत्ता को चुना गया। कुशल मंच संचालन डॉ रजनी कुमारी व श्रीमती हर्षिता छिकारा के द्वारा किया गया। एन.एस.एस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ प्रवीण शर्मा ने विशिष्ट अतिथि, प्रबंध समिति के गणमान्य सदस्यों, प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से काम कर रहे सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग सदस्यों का एवं ग्रामीण वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर हिंदू शिक्षण संस्थान के पूर्व प्रधान श्री राजेश सहगल जी, श्री अश्विनी खुराना जी, श्री जितेंद्र मेहता जी, श्री श्याम कपूर जी, श्री नंदलाल गिरधर जी, श्री सुनील आहूजा जी, एच.आई.एम.टी, डॉ हितेश ढल, श्रीमती अनिला बठला, श्रीमती मीनाक्षी गुगनानी, श्रीमती वंदना रंगा, डॉ अंजू देसवाल, डॉ शिखा फौगाट, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रजनी कुमारी, डॉ प्रवीण शर्मा, डॉ सुमित कुमारी दहिया, डॉ हर्षिता, डॉ सन्नी कपूर, डॉ सुमन रानी, डॉ हरदीप, डॉ प्रदीप, डॉ पूजा चावला, डॉ रीना कत्याल, डॉ रिचा, श्रीमती प्रीति यादव, सोनिया, सुमित , संदीप एवं किरण देवी तथा सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।





















GPS Map Ca
कबरपुर, हरियाणा, भारत
57W, बाहू-अकबरपुर, हरियाणा 124001, भारत
90667°
6.475308°
23 11:01 AM GMT +05:30






HINDU COLLEGE, ROHTAK
NATIONAL SERVICE SCHEME






BLACK






COLLEGE, ROHTAK
(Affiliated to M.D. University, Rohtak)
A Post Graduate Co-Educational College, Bhiwani Road, Rohtak
Accredited by NAAC with 'B' (2.74) Grade
FEBRUARY 7TH IS
NATIONAL
BLACK




REGISTRATION






H. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
Organised by
NOT ME BUT YOU


SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
SEVEN DAYS & NIGHT SPECIAL CAMP
Organised by
NATIONAL SERVICE SCHEME
NOT ME BUT YOU
From 25th Feb, 2023 to 3rd March, 2023


SEVEN DAYS & NIGHT SPECIAL CAMP
Organised by
NATIONAL SERVICE SCHEME
NOT ME BUT YOU
From 25th Feb, 2023 to 3rd March, 2023


NATIONAL SERVICE SCHEME
NOT ME BUT YOU

# हिंदू कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

● हिमानी तथा सागर रहे बेस्ट कैंपर

**रोहतक, गिरीश सैनी।** लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में एवं प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि हिंदू शिक्षण संस्थान के पूर्व प्रधान राजेश सहगल ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा एवं डॉ. नीलम मग्गू ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।




राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी ने इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आयोजित गतिविधियों के बारे में डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से संक्षेप में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में हिंदू कॉलेज द्वारा गोद लिए गए गांव बहु अकबरपुर के जीवन दास अखाड़े में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ दिनेश ने औचक निरीक्षण कर शिविर में स्वयंसेवकों की संख्या, उनकी सक्रियता एवं उनके कार्यों को देखा। इस शिविर की सफलता में ग्रामीणों सत्यवान, ईश्वंत, वेदवंती, नवीन, पवन एवं नितिश का विशेष सहयोग रहा।

प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि शिक्षा के साथ -साथ व्यवहारिक ज्ञान भी आवश्यक है। ऐसे शिविरों के माध्यम से हमें व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। स्वयं सेवक लगन ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि हमने शिविर में एकजुटता से कार्य करना सीखा। ग्रामीण नितीश ने बताया कि शिविर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ - बेटी पढाओ, जल बचाओ, प्लास्टिक को ना कहें आदि के प्रति जागरूक किया गया।

विशिष्ट अतिथि राजेश सहगल ने कहा कि शिविर में की गई गतिविधियों को अपनी जीवन शैली बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्वयंसेवकों ने नृत्य ,स्किट और गायन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा, डॉ. नीलम मग्गू एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी व डॉ. प्रवीण शर्मा ने विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# हिंदू कॉलेज में एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**रोहतक।** श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का समापन हो गया। प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी आवश्यक है तथा शिविरों के माध्यम से हमें व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि आत्म संतुष्टि से ही सेवा की भावना उत्पन्न होती है।

# लाल नाथ हिंदू कॉलेज के 7 दिवसीय शिविर का समापन



*मुख्य अतिथि को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य*

रोहतक, 3 मार्च (पंकेस): श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हिंदू शिक्षण संस्थान के पूर्व प्रधान राजेश सहगल एवं प्रबंध समिति के अन्य सदस्यों का केशव सभागार में पहुंचने पर प्राचार्या डा. रश्मि छाबड़ा एवं डा.नीलम मग्गू द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर की गई राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रजनी कुमारी ने इस सात दिवसीय विशेष शिविर, की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी 'राष्ट्रीय सेवा योजना' की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में हमारे महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव बहु अकबरपुर के जीवन दास अखाड़े में यह शिविर आयोजित किया गया।

उन्होंने बताया कि इस दौरान स्टेट कॉर्डिनेटर डा. दिनेश ने औचक निरक्षण किया तथा वहा पर स्वंसेवकों की संख्या, उनकी सक्रियता एवं उनके कार्यों को देखकर उन्होंने प्रोग्राम ऑफिसर्स डा. रजनी कुमारी एवं डॉ प्रवीण शर्मा को प्रशंसा पत्र भी प्रदान दिया और उन्होंने बताया कि इस शिविर की सफलता में ग्रामीण वासी सत्यवान, ईश्वर , वेदवती, नवीन, पवन एवं नितिश का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अश्विनी खुराना , जितेंद्र मेहता , श्याम कपूर. नंदलाल गिरधर, सुनील आहूजा , डॉ हितेश ढल, तथा सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

# *SH. L.N. Hindu College, Rohtak*

## ***Feedback Form***

### *NSS Seven Day & Night Special Camp from 25 February – 03 March 2023 at Village Bahu Akbarpur*

1. ***Name:***
2. ***Class:***
3. ***Roll No.:***
4. ***Mobile Number:***
5. ***E-mail:***

***Please give your valuable feedback. Your valuable feedback on all aspects is important for us in designing and improving this programme.***

1. ***How did you find Camp Facilities(Accomodation, amenties, hall, kitchen)?***
   - *a) Very Good*
   - *b) Good*
   - *c) Average*
   - *d) Needs attention*
2. ***How did you find the Catering and Food(variety/portion size/menu, Food Quality)?***
   - *a) Very Good*
   - *b) Good*
   - *c) Average*
   - *d) Needs attention*
3. ***How would you rate the Programme Activities?***
   - *a) Very Good*
   - *b) Good*
   - *c) Average*
   - *d) Needs attention*
4. ***How would you rate your experience with our staff?***
   - *a) Very Good*
   - *b) Good*
   - *c) Average*
   - *d) Needs attention*
5. ***How would you rate the hygiene/cleanliness of our facilities (Toilet, cabins, hall etc.)?***
   - *a) Very Good*
   - *b) Good*
   - *c) Average*
   - *d) Needs attention*
6. ***How you rate our overall campsite presentation?***
   - *a) Very Good*
   - *b) Good*
   - *c) Average*
   - *d) Needs attention*
7. ***How did you feel that all activities were conducted in a safe manner?***
   - *a) Very Safe*
   - *b) Safe*
   - *c) Adequate*
   - *d) Needs attention*

***Any Suggestion: -----------------------------------------------------------------------------------------------------***

***Signature***